गोचर, ओरण व पायतन भूमि अधिग्रहण को निरस्त करने की मांग

बीकानेर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी शहर व देहात के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने यशपाल गहलोत व बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त बीकानेर को ज्ञापन सौंपकर बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर विकास प्लान 2043 के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करवाई व इस प्लान में से गोचर, ओरण और पायतन की भूमियों के अधिग्रहण को निरस्त करने की मांग की।

ज्ञातव्य है कि बी.डी.ए द्वारा मास्टर विकास प्लान 2043 की

■ **कांग्रेसजनों ने गोचर भूमि अधिग्रहण को निरस्त नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

यशपाल गहलोत व बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बीडीए द्वारा गोचर भूमि के अधिग्रहण करने पर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया।

सूचना एवं नक्शे प्रकाशित होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के शहर व देहात अध्यक्षों ने अपनी प्रतिक्रिया देकर 28 अगस्त को जरिए मीडिया प्रशासन को अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए मास्टर विकास प्लान 2043 के अन्तर्गत अधिग्रहित किये जाने वाली गोचर, पायतन व ओरण भूमियों के अधिग्रहण पर पुनर्विचार करने का सुझाव दिया था। लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि बीकानेर विकास प्राधिकरण की ओर से जारी मास्टर डवलपमेंट प्लान-2043 के प्रारूप में सम्मिलित शहर के आस पास शहर नथानिया, गंगाशहर, भीनासर, उदयरामसर सहित 188 गांवों की गोचर, पायतन व ओरण भूमि का अधिग्रहण करने का निर्णय आपत्तिजनक व अन्याय पूर्ण है। क्योंकि यह भूमि स्थानीय नागरिकों की आस्था और पर्यावरण संरक्षण का केन्द्र मानी जाती है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी राज्य में पारंपरिक रूप से संरक्षित गोचर, पायतन व ओरण भूमि को वन भूमि का दर्जा देने संबंधी ऐतिहासिक निर्णय दिया था।

देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि गोचर, ओरण व पायतन की भूमियां लोगों की आस्था का केन्द्र होने के साथ ही चारागाह की जमीन गौ वंश, अन्य पशु पक्षियों का संरक्षण घर माना जाता है। पशु पक्षियों के इस घर को संरक्षित करने की बजाय बीडीए द्वारा इसे उजाड़ कर अन्य प्रयोजनों में भूउपयोग करना लोगों की जन भावनाओं पर सीधा प्रहार तो है ही पर्यावरण संरक्षण को भी खतरे में डालने का कृत्य है।

जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि गोचर भूमि केवल जमीन का अंश नहीं है बल्कि गौ माता व असंख्य जीव जन्तुओं का आश्रम स्थल व जीवन आधार है। इसके अलावा आमजन की आस्था भी जुडी हुई है। प्रदेश महासचिव जियाउर्रहमान ने कहा कि गोचर भूमि अधिग्रहण से न केवल हरियाली पर्यावरण संतुलन पर संकट गहरायेगा बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर व आमजन की भावना पर सीधा आघात होगा। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी देते हुए कहा कि बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर विकास प्लान 2043 में संरक्षित गोचर, पायतन व ओरण भूमि के अधिग्रहण को निरस्त किया जाए अन्यथा जिला कांग्रेस कमेटी विशाल आंदोलन व उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

कांग्रेस ने चलाया स्वच्छता अभियान

सूरतगढ़, (कासं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को शहर के शहीद स्मारक चौक पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का शुभारंभ अम्बेडकर भवन में बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में विधायक डूंगर राम गेदर, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत और ओमप्रकाश गेदर सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। अभियान की शुरूआत अम्बेडकर भवन परिसर में झाड़ू लगाकर की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम ने रेलवे स्टेशन के सामने सुभाष चौक, महाराणा प्रताप चौक, भगत सिंह चौक, नवनिर्मित भारत माता चौक, रानी लक्ष्मी बाई चौक और शहीद उधम सिंह चौक पर पहुंचकर वहां लगी शहीदों और महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई की।

चौकों पर लगे पोस्टर और बैनर हटाये गए। साथ ही आसपास बिखरे कचरे को साफ किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी सफाई कार्य में सहयोग के लिए मौजूद रही। विधायक डूंगर राम गेदर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की स्वच्छता के प्रति विचारधारा को अपनाते हुए हमेशा जागरूक रही है।

ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई के साथ शुरू हुआ यह अभियान स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास है। सफाई अभियान में महामंत्री अमर सिंह राठौड़, अनिल रोकना, राम अवध यादव, आत्माराम तेहरपुरिया मौजूद थे।

तीन ट्रकों में राहत सामग्री पंजाब भेजी

सूरतगढ़, (कासं)। ऑल इंडिया उलामा व मशाइख बोर्ड यूथ विंग ने पंजाब के बाढ़ पीडितों और गोवंश की सहायता के लिए एक अनूठा प्रयास किया। रज़ा जामा मस्जिद में देश की एकता, अखंडता, खुशहाली और भाईचारे की दुआ के बाद विधायक डूंगर राम गेदर ने यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष बरकत शाह बोदला के नेतृत्व में 25 सेवादारों को राहत सामग्री के साथ हरी झंडी दिखाकर पंजाब के लिए रवाना किया।

बरकत शाह बोदला ने बताया कि सूरतगढ़ के इतिहास में पहली बार पंजाब के बाढ़ प्रभावित गोवंश और पीड़ितों की मदद के लिए तीन ट्रक राहत सामग्री भेजी गई है। इनमें मोठ, मूंग का चारा और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। सेवादार जरूरतमंद क्षेत्रों में सामग्री का वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल मानवता और भाईचारे का संदेश देती है, जो समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण है।

विधायक डूंगर राम गेदर ने इस प्रयास को सर्व धर्म एकता की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि जाति-धर्म से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करना सबसे बड़ी पूजा है। पंजाब के बाढ़ पीड़ितों और गोवंश की सहायता के लिए सूरतगढ़ यूथ विंग का यह कदम सराहनीय है। संकट के समय एकजुट होकर देश की एकता और अखंडता के लिए काम करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर सैयद असगर शाह, शान मोहम्मद, कारी सलमान अशरफी, मोहम्मद अली पठान, जावेद पठान, जसपाल सिंह, चंद्रभान इंदलिया, इलियास खान, रफीक खान, पूर्व पार्षद अहमद अली मौजूद थे।

सार-समाचार

ओजोन दिवस पर व्याख्यान व क्विज

एम.जी.एस.यू. पर्यावरण विज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. प्रभुदान चारण ने व्याख्यान को संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के भूविज्ञान विभाग द्वारा ओजोन दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग की एलुमनी सोसायटी के सहयोग से विविध गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. प्रभुदान चारण का विशेष व्याख्यान रहा। उन्होंने ओजोन परत की रक्षा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर एलुमनी सोसायटी द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभाग के वर्तमान छात्र-छात्राओं तथा पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविन्द्र कुमार और रक्षिता की टीम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दीपेश और सूर्यप्रकाश को मिला। जबकि तृतीय स्थान पूनम और रेवंती की टीम को मिला। कार्यक्रम में एलुमनी सोसायटी द्वारा पूर्व में आयोजित फील्ड फोटोग्राफी और निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग में हाल ही में नियुक्त दो नवीन सहायक आचार्य पवन मीणा एवं रामप्रकाश का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने अपने संदेश में विभाग और एलुमनी सोसायटी द्वारा आयोजित इस सार्थक आयोजन की सराहना की और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया। एलुमनी सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. शिशिर शर्मा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बात कही। विभागाध्यक्ष प्रो. देवेश खंडेलवाल ने छात्रों और पूर्व छात्रों को विभाग की प्रगति में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। एलुमनी सोसायटी के सचिव डॉ. देवाराम ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

सूरतगढ़, (कासं)। स्व. गुरूशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के देखरेख में 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को विवेकानंद हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मार्शल आर्ट, कराटे और ताइक्वांडो के प्रशिक्षित दल द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन सत्र में लक्ष्मीबाई केंद्र की प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक पारुल भटेजा ने प्रशिक्षकों और छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यवाहक प्रिंसिपल विनोद कुमार ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण को छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए नारी शक्ति को मानसिक व शारीरिक रूप से सजग, सचेत और सतर्क रहने का आव्हान किया। मुख्य प्रशिक्षक भगोती देवी मीणा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण दल, जिला पुलिस मुख्यालय, श्रीगंगानगर ने छात्राओं से संवाद में आत्मरक्षा की प्रासंगिकता को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बालिकाओं को अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर मुकाबला करने का संकल्प दिलाया। प्रशिक्षक कांस्टेबल कविता देवी ने कहा कि घर, परिवार और समाज में गलत व्यवहार को चुपचाप सहन करना अपराध प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। उन्होंने बालिकाओं को सोशल मीडिया और तड़क-भड़क वाली दुनियां से दूर रहने की सलाह दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी नारायण पारीक, छात्रा इकाई प्रभारी सरस्वती देवी और संकाय सदस्य पीतांबर मंगानी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना तंवर, डॉ. मनोज सैनी, डॉ. चंद्रकांत चावला, विपिन शर्मा, सुंदर आसेरी, सुनील सारसर, पाल कौर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। संचालन डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने किया। गौरतलब है कि लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ में विगत 6 माह से संचालित है जिसमें छात्राओं को विभिन्न कार्यक्रम नशा मुक्त समाज, नारी शक्ति अधिकार, महिला जागरूकता के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 दिवसीय है, जिसमें महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं व बालिकाएं सहभागी बनेंगी।

विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा देना शिक्षकों की जिम्मेदारी : गर्ग

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग ने मंगलवार को कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण किया और महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

स्टाफ से बातचीत करते हुए गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन उपयोग किया जा रहा है। विद्यार्थियों तक गुणवत्ता परक शिक्षा पहुंचना शिक्षकों की पहली जिम्मेदारी है। शिक्षक को अपने काम में संतुष्टि तभी मिलेगी जब पूरे मनोयोग से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं पर काम करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का आधारभूत ढांचा काफी अच्छा है। नेक की ग्रेडिंग मिले इस दिशा में बेहतर प्रयास किये जाएं। कुलगुरू ने महाविद्यालय में साफ-सफाई, सुव्यवस्थित प्रयोगशाला, कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्टाफ के समयबद्ध व नियमित प्रमोशन ज़रूरी है इस दिशा में प्रयास किए जायेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव ने कुलगुरू का स्वागत किया और महाविद्यालय द्वारा चलाई जारी विभिन्न गतिविधियों और यूनिट्स में संचालित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग ने कृषि महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान में कार्रवाई की। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर 6.7 ग्राम स्मैक बरामद की।

गिरफ्तार आरोपी जोरावरपुरा नोखा निवासी शंकरलाल लेघा और माडिया निवासी प्रदीप गोदारा हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे स्मैक नागौर के तालीम से लाते थे। वे इसे नोखा रेलवे स्टेशन के पास अम्बेडकर सर्किल में चाय की दुकान चलाने वाले चैनासर सतेरण निवासी रामस्वरूप बिश्नोई को सप्लाई करते थे। यह कार्रवाई आईजी हेमंत शर्मा के निर्देश पर की गई। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर और वृत्ताधिकारी हिमांशु शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21, 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थानाधिकारी पांचू धीरेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

'पुण्यों का संचय व पापों का विसर्जन करें'

बीकानेर, (कासं)। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में चातुर्मासिक प्रवचन में मंगलवार को गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने कहा कि पुण्य से मनुष्य जीवन, उसमें उच्च कोटि का कुल, परमात्मा के श्रद्धा और शास्त्रों का श्रवण करने तथा परमात्मा की आज्ञा के अनुसार जीवन जीने का सुयोग्य मिला है। परमात्मा की कृपा व पुण्य से मिले इस सुयोग्य का समता के साथ सदुपयोग करें। पुण्यों का संचय व पापों का विसर्जन करें।

उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री की पत्नी के साथ हाल ही हुई घटना का स्मरण दिलाते हुए कहा कि पुण्य समाप्त होने पर उनको आतताइयों के हाथों काल का ग्रास बनना पड़ा। पुण्याधिपुण्य से मिली सुख सुविधाओं, वैभव के दौरान पुण्य कर्मों का संचय करें तथा पाप से बचें। समय का चक्र चलने पर समता की साधना के साथ धर्म प्रवृति में लगे रहे। खरतरगच्छ युवा परिषद कोयम्बटूर के अध्यक्ष रवि गोलेछा, खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोलेछा, प्रकाश बोथरा, सुनील रांका, वक्षित झाबक, चंदा गोलेछा, खरतरगच्छ महिला परिषद कोयम्बटूर की अध्यक्ष विनयवंती रांका, अनिता सुराणा, विनीता लूणिया ने गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर से कोयम्बटूर में चातुर्मास करने की विनती की। खरतरगच्छ महिला परिषद कोयम्बटूर की अध्यक्ष विनयवंती रांका ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए गणिवर्य के द्वारा कोयम्बटूर में मंदिर के प्रतिष्ठा करवाने के संस्मरण सुनाएं। हुगली कर्नाटक के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. के सांसारिक भाई प्रदीप कांकरिया का तथा कोयम्बटूर के श्रावक-श्राविकाओं का अभिनंदन विजयचंद खजांची, तपस्वी कन्हैयालाल भुगड़ी, खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई ने किया।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

बीकानेर, (कासं)। 69 वीं राज्य स्तरीय स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में मास्टर बच्ची क्लब के आठ से ज्यादा खिलाड़ियों का फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ।

क्लब के सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि अंडर 17 बॉयज में तीन खिलाड़ी, अंडर 19 बॉयज में दो खिलाड़ी एवं अंडर 17 गर्ल्स में दो खिलाड़ी का सलेक्शन हुआ है। क्लब के गर्ल्स टीम के हैड कोच बुंदेला सिंह, श्याम चुरा ने बताया कि गर्ल्स में दीपा, अनुराधा स्वामी, रितिका जोशी का सिलेक्शन हुआ। बॉयज अंडर 17 के कोच , विनोद जागा, जितेन्द्र पुरोहित ने बताया कि आरूष बिश्नोई, मनन ओझा और वैभव जोशी का सलेक्शन हुआ। अंडर 19 कोच देवेंद्र और अभिषेक ने बताया कि

■ **मास्टर बच्ची क्लब के आठ से ज्यादा खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ**

दिनेश किराडू, राधे ओझा अंडर 19 के लिए चयनित हुए हैं।

क्लब के अध्यक्ष सुनील बांठिया ने समस्त खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। क्लब के जे. पी. तलानिया, राजेश चुरा, शिवाजी आहूजा ने कोचों का आभार व्यक्त किया।

तेरापंथ भवन में रक्तदान शिविर आज

नोखा, (कासं)। तेरापंथ युवक परिषद महावीर चौक तेरापंथ भवन में 17 सितम्बर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। परिषद ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।

परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि नोखा सहित विश्व भर में हजारों शिविर आयोजित किए जायेंगे। शिविरों में अधिक से अधिक यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 1000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। शिविर स्थल पर भी रक्तदान के लिए पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। परिषद के सदस्यों ने महिलाओं से भी रक्तदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों की मदद के साथ रक्तदाता का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

महात्मा गांधी विद्यालय की छात्राएं नेटबॉल की जिला चैम्पियन बनी

श्रीगंगानगर, (कासं)। इंदिरा चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने 69 वीं अंडर 19 जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में राउमावि गोपालसर की टीम को हराकर जिला स्तरीय चैम्पियनशिप जीत ली।

प्रतियोगिता के सह संयोजक व्याख्याता बलवीर सिंह ने बताया कि 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी इस वर्ष महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीगंगानगर की ओर से की जा रही है। इसमें श्रीगंगानगर जिले के लगभग 450 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। वहीं राउमावि 2 एसटी वाई घड़साना की छात्राएं 17 वर्षीय प्रतियोगिता में चैम्पियन रही। इस

■ **अंडर 19 जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने चैम्पियनशिप जीती**

प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में प्रभजोत कौर प्रधानाचार्य तथा निर्णायक मंडल में महेंद्र गोदारा, बलवंत, जसतिंदर सिंह, जगमोहन सिंह, दीपक, ओम सहारण, राजेश भाटी आदि शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे। प्रतियोगिता के संयोजक तथा स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य तरुण गुप्ता ने 19 वर्षीय छात्राओं ने चैम्पियनशिप जीती। विद्यालय में इनका अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता का समापन 17 सितम्बर को विद्यालय प्रांगण में होगा 69 वीं जिला स्तरीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन सेक्रेड हार्ट स्कूल सूरतगढ़ में हो रहा है। 17 वर्षीय इस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न स्कूलों की 16 टीमें भाग ले रही हैं।

इस प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पदक जीते। अब यह विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे।

मेघवाल आज आयेंगे : केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बुधवार प्रातः 7:20 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मेघवाल सेवा पखवाड़ा के तहत प्रातः 8.30 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज से टूर द थार साइक्लिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे।

अब घर बैठे मालूम कर सकेंगे कोटगेट और सांखला रेलवे फाटक खुले हैं या बंद

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के मोबाइल ऐप लांचिग सेरेमनी समारोह में बोलते हुए राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए आमजन को राहत दी जाए। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल द्वारा इस दिशा में बेहतरीन पहल की गई है।

डॉ. चतुर्वेदी ने बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल द्वारा तैयार रेलवे क्रॉसिंग मोबाइल ऐप, बीकोनर ट्रेड एक्सपो जॉब पोर्टल तथा वेवसाइट के लोकार्पण समारोह के दौरान यह बात कही। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग ऐप से आमजन की समय, ऊर्जा और धन की अनावश्यक खपत कम होगी। वे घर बैठे रेलवे फाटक के बंद अथवा खुले होने की जानकारी हासिल कर अपना रूट निर्धारित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जॉब पोर्टल के माध्यम से व्यापार मंडल ने एम्प्लायर और जॉब सीकर को एक मंच दिया है। इससे दोनों पक्षों को लाभ होगा। वित्त आयोग अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में जॉब बढ़ाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने मेक इन इंडिया का नारा दिया, जिससे देश की प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिला। विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के यह प्रयास युवाओं के बेहतर भविष्य की राह तय करेंगे। रेलवे क्रॉसिंग मोबाइल ऐप भी आमजन को कुछ हद तक राहत देगा। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल द्वारा किए गए सभी प्रयास राहत देने वाले हैं। युवाओं को जॉब पोर्टल का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

बीकानेर में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने व्यापार उद्योग मंडल के रेल क्रासिंग मोबाइल ऐप, वेबसाइट जॉब पोर्टल का लोकार्पण किया।

■ **व्यापार उद्योग मंडल ने रेल क्रासिंग मोबाइल ऐप व वेबसाइट जॉब पोर्टल लांच किया**

शहर कांग्रेस की बैठक 18 को

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक और वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम 18 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय कोठारी हॉस्पिटल रोड बीकानेर में रखा गया है।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम और बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और राजस्थान के सह प्रभारी चिरंजीव राव, बीकानेर शहर जिला कांग्रेस प्रभारी विधायक शिमला नायक, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हस्ताक्षर अभियान के लिए बीकानेर शहर के लिए नियुक्त प्रभारी शबनम गोदारा भी मौजूद रहेंगी जिनके सानिध्य में हस्ताक्षर अभियान चलेगा। इस बैठक में वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती राजवती शर्मा पत्नी स्व. श्री रामपाल गौड़, निवासी-16/74, मुक्ता प्रसाद कॉलोनी, लालगढ़ नियर दिलीप गैस एजेन्सी, बीकानेर, राजस्थान-334004 के पुत्र दीपक शर्मा एवं पुत्रवधु श्रीमती कामिनी शर्मा मेरी अभिभाष्या के कहने व सुनने में नहीं है एवं ना ही मेरी सेवा, सुश्रुषा करते है और मेरी अभिभाष्या के साथ आये दिन लड़ाई-झगड़ा करते है, इसलिए मेरी अभिभाष्या अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति से इन्हे बेदखल करती है। उनका अब मेरी अभिभाष्या व उनके परिवार से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही है। भविष्य में पुत्रवधु या पुत्र द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार या वाद-विवाद से कोई लेना-देना नही रहेगा।
जयपुर (अनिल कुमार सोनी) एडवोकेट
दिनांक : 16/9/25 मो.-7742680181

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/गालकाल रेकॉर्ड नं. 17767382 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16-9-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/19 के किला नं. 02 में भूखण्ड संख्या का माप 412.5 वर्गगज का भूमि रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पट्टा संख्या 354 दिनांक 29.08.1988 को श्री केवल कृष्ण पुत्र श्री मुलखराज के नाम से जारी हुआ है। आवेदिका श्रीमती सोनिया जग्गा पत्नी श्री अजय कुमार जग्गा द्वारा भूखण्ड माप 412.5 वर्गगज जरिये रजिस्ट्रड बैयनामा प्राप्त किया गया है। प्रार्थिया द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड के 2 पट्टे प्रत्येक माप 20'7½" गुणा 90'0" Feet के फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त के संबंध में किसी की कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरांत आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस संबंध में न्यास किसी भी विभाग के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 17767382 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/गालकाल रेकॉर्ड नं. 17767781 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16-9-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं0 18/19 के किला नं0 02 में भूखण्ड माप 412.5 वर्गगज का भूमि रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पट्टा संख्या 355 दिनांक 29.08.1988 को श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुलखराज के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड में से आवेदिका श्रीमती सोनिया जग्गा पत्नी श्री अजय कुमार जग्गा द्वारा भूखण्ड माप 2625 वर्गफीट जरिये रजिस्ट्रड बैयनामा द्वारा प्राप्त किया गया। श्रीमती सोनिया जग्गा पत्नी श्री अजय कुमार जग्गा निवासी 6-ए-4, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर - अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं0 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 17767781 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है